पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

क्रिसमस समारोह में सम्मिलित हुए राज्यपाल

लखनऊः 26 दिसम्बर, 2016

उत्तर प्रदेश के राज्यपाल श्री राम नाईक ने आज क्रिसमस पर्व के अवसर पर कैथेड्रल ग्राउन्ड में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिया। राज्यपाल ने प्रदेश के समस्त लोगों को क्रिसमस महापर्व तथा आने वाले नये साल 2017 की बधाई दी। उन्होंने कहा कि सुखद संयोग है कि 25 दिसम्बर को लखनऊ से सांसद रहे पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी और बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय के संस्थापकों में से एक भारत रत्न पं0 मदन मोहन मालवीय जी का भी जन्म दिवस है।

राज्यपाल ने कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को सम्बोधित करते हुए कहा कि क्रिसमस विशेषकर ईसाई समुदाय का पर्व होता है लेकिन भारत की विशेषता है कि सारा समाज इकट्ठा होकर सभी धर्मों के पर्व एक-दूसरे के साथ सम्मान से मनाते हैं। यही सर्वधर्म सम्भाव का परिचायक है। उन्होंने कहा कि कैथेड्रल में आयोजित क्रिसमस के समारोह में वे तीसरी बार आये हैं। जब भी वे यहाँ आते हैं या इस रास्ते से गुजरते हैं तो उन्हें मुंबई की याद आ जाती है। मुंबई के ईसाई समुदाय के लोगों से उनका विशेष लगाव रहा है। 1994 में जब उन्हें कैंसर हुआ था तो मुंबई के चर्चों में उनके स्वास्थ्य लाभ के लिये प्रार्थना की गयी तथा मुम्बई के बिशप फादर डिब्रेटो ने उनके लिए वेटिकन सिटी (रोम) में विशेष प्रार्थना की थी जिससे उन्हें स्वास्थ्य लाभ हुआ था और वे आज पूर्णतया स्वस्थ हैं। दुःख बाटने से कम होता है और सुख बाटने से बढ़ता है। उन्होंने कहा कि इससे स्नेह, प्रेम और शांति की व्यवहारिकता समझ में आती है।

श्री नाईक ने कहा कि 1950 में भारत का संविधान लागू हुआ जिसने समस्त भारतवासियों को समान अधिकार दिये। भारत सभी धर्माें का समान रूप से सम्मान करता है। अपने धर्म के साथ दूसरों के धर्म का सम्मान करने का भी संदेश मिलता है। प्रभु यीशु न कहा था कि परमेश्वर सबका पिता है और हम उसकी संताने अर्थात सभी आपस में भाई हैं। जो पवित्र संदेश प्रभु यीशु ने दिया है उसे अपनाते हुए व्यवहारिक जीवन में भी उतारें। सुख-शांति, सद्भावना, भाईचारे, दया, करूणा, क्षमा, आपसी सौहार्द, प्रेम एवं एकता-अखण्डता का वातावरण सृजित हो, ऐसा संकल्प हमें लेना है। दुनिया के सभी धर्म लोगों को प्रेम, करूणा, दया एवं इंसानियत का संदेश देते हैं और उनके सुखद जीवन का मार्ग प्रशस्त करते हैं। उन्होंने कहा कि एकता का निर्माण करने का दायित्व हम सबका है।

राज्यपाल ने कहा कि 2017 में उत्तर प्रदेश विधान सभा के चुनाव होंगे। मतदाता संविधान द्वारा दिये गये मतदान के अधिकार का प्रयोग अवश्य करें। मतदाताओं को योग्य प्रतिनिधि एवं योग्य सरकार चुनने का अधिकार है। इसलिये अधिक से अधिक मतदान करें। उन्होंने बताया कि 2012 के विधान सभा चुनाव में 12.74 करोड़ मतदाता थे जिसमें केवल 59.52 प्रतिशत लोगों ने मतदान किया तथा 2014 के लोकसभा चुनाव में 13.88 करोड मतदाताओं में केवल 58.27 प्रतिशत लोगों ने मतदान किया जिसका मतलब यह है कि करीब 40 प्रतिशत मतदाताओं ने मतदान नहीं किया। उन्होंने कहा कि ज्यादा से ज्यादा मतदान हो और सभी लोग अपने मताधिकार का प्रयोग करें इसके लिये लोगों में प्रबोधन की आवश्यकता है।

इस अवसर पर लखनऊ के महापौर डाॅ0 दिनेश शर्मा, मौलाना कल्बे सादिक, पूर्व मंत्री डा0 अम्मार रिज़वी, श्री जगदीश गांधी, विधान परिषद सदस्य श्री पीटर पैंथम, फादर सेंट जोसेफ कैथेड्रल चर्च, फादर डोनाल्ड एच0आर0 डिसूज़ा, डा0 जिराल्ड जे0 मथाईस, फादर रोनाल्ड डिसूज़ा, फादर राबर्ट मोन्टेरो तथा विभिन्न धर्मों के धर्मगुरू भी उपस्थित थे। समारोह में सेंट जोजेफ कैथेड्रल द्वारा क्रिसमस कैराल, सेंट फ्रांसिस स्कूल के दिव्यांग बच्चों द्वारा नृत्य तथा क्रिसमस के विशेष गीत प्रस्तुत किये गये।

अंजुम/ललित/राजभवन (489/55)